आँखों को तेरा इंतज़ार | By Babli Sharma

आँखों को तेरा इंतज़ार हो
आँखों को तेरा इंतज़ार
प्यारे दर्श दिखा दे एक बार
आँखों को तेरा इंतज़ार हो
आँखों को तेरा इंतज़ार

पीड़ा विरह की हर पल रुलाये मुझे याद में तेरी
रंग जगत के लगते हैं फीके प्यारे चाह में तेरी
तू ही तो मेरा दिलदार हो
तू ही तो मेरा दिलदार
प्यारे दर्श दिखा दे एक बार तो
आँखों को तेरा इंतज़ार हो
आँखों को तेरा इंतज़ार

मैं सेवक तू मेरा है स्वामी यहाँ कौन है मेरा
तुम ना सुनो तो किसको सुनाऊ प्यारे दर्द ये मेरा
कर ले तू कर ले मुझसे प्यार हो
कर ले तू कर ले मुझसे प्यार
प्यारे दर्श दिखा दे एक बार
आँखों को तेरा इंतज़ार हो
आँखों को तेरा इंतज़ार

सांवली सूरत बांकी आदाएं तेरी जी ललचाये
मद भरी अँखियाँ अधर रसीले सोई प्यास जगाये
बन जाओ शीतल धार हो
बन जाओ शीतल धार
प्यारे दर्श दिखा दे एक बार
आँखों को तेरा इंतज़ार हो
आँखों को तेरा इंतज़ार

अपने गले से आके लगा ले मुझे श्याम प्यारे
दर्दे जिगर का दर्द मिटा दे नंदू तेरे ही सहारे
मुझको तो तेरा आधार हो
मुझको तो तेरा आधार
प्यारे दर्श दिखा दे एक बार
आँखों को तेरा इंतज़ार हो
आँखों को तेरा इंतज़ार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%81%e0%a4%96%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%87%e0%a4%82%e0%a4%a4%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-babli-sharma/